तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025



12 अंतर संकुल समूह की समस्त शाला प्रमुखों की ...





12 उपनिरीक्षक एवं महिला प्रधान आरक्षक की ...






## खबर संक्षेप

### बिजली का तार टेंट से टकराया, हादसा टला



**कांकेर।** शहर के संजय नगर में शीतला मंदिर से 150 मीटर की दूरी पर सड़क से लगकर टेंट लगाया गया था, परंतु बीती रात को हुई तेज बारिश और तेज हवा के चलते टेंट उड़कर बिजली तार से टकरा गया। टेंट के बिजली तार टकराने से बड़ा हादसा होते होते टल गया। घटना की जानकारी मुहल्लेवासी वली मोहम्मद ने बिजली विभाग को दिया, उसके बाद विभाग ने पहुँचकर समस्या का निदान किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टेंट के पोल को जमीन में नहीं गाड़ा गया था और तेज हवा ने टेंट को उड़ा दिया था।

### दुर्गूकोंदल में आवारा मवेशी, बनी समस्या



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल में आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ने से दुर्घटना हादसे भी बढ़ रहे हैं। आवारा मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है और किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। सरकार और प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

### पीएम किसान दिवस पर आज पीएम का संबोधन

**कांकेर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पीएम किसान दिवस आज 02 अगस्त को कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जो कि केंद्र सरकार द्वारा 1 दिसंबर 2018 से लागू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे खेती के लिए आवश्यक सामग्री खरीद सकें और कृषि संबंधित कार्यों में मदद मिल सके। इस योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रुपए पात्र कृषकों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में प्रदान किया जाता है। इसी तारतम्य में आज 02 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का अंतरण किसानों के खाते में किया जाएगा एवं प्रधानमंत्री देश के किसानों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कृषकों को दिखाने के लिए जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर एवं कृषि विभाग कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र सिंगारभाट कांकेर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

## घपला : हाराडुला पुल के क्षतिग्रस्त होने का मामला, जाँचकर कार्रवाई की उठी मांग

# सराधुनवागांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को किया था आगाह, रेत तस्कर ही हाराडुला का जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

करोड़ो की लागत से बना हराडुला पुल हाराडुला के रेत तस्करों के कारण धसक गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने की जाँच कर दिए जाने पर इस घटना में संलिप्त चेहरों के उजागर होना तय है। एक माह पहले सराधुनवागांव के ग्रामीणों ने लिखित में शिकायत देते हुए एसडीएम चारामा और खनिज विभाग के संज्ञान में लाया था, काश यह अधिकारी गंभीरता से शिकायत को ले लेते तो शायद यह हादसा रूक सकता था।

जानकारी के अनुसार हाराडुला पुल के एक छोर पर सराधुनवागांव और दूसरे छोर पर हाराडुला गांव है। ग्रामीणों की मानें तो हाराडुला के कई लोग अवैध ▶▶|शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- हाराडुला के तस्करों के नाम से लिखा गया था पत्र, फिर भी कुछ नहीं किया
- एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया
- तस्करों की संपत्ति की जांच की जाए, बड़ा मामला सामने आएगा

### जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को लिखा पत्र

सराधुनवागांव के सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्रामीणों ने लिखित में एसडीएम को लगभग 20 दिन पहले शिकायत किया किया था, जिसमें लिखा था कि वर्तमान में पर्यावरण नियम अनुसार 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से रेत उत्खनन प्रतिबंधित है। ग्राम पंचायत सराधुनवागांव के आपत्ति के बावजूद और माइनिंग विभाग कांकेर में शिकायत के बाद भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हाराला पुल के नीचे से रास्ता बनाकर पुल और एनीकेट के बीच से खेत को काटकर अवैध रूप से ट्रैक्टर के माध्यम से सुबह 4 बजे 7 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक अवैध रेत निकालकर अवैध डंप करके रात्रि में 11 बजे से 2 बजे के बीच हाइवा के माध्यम से रेत का अवैध ▶▶|शेष पेज 10 पर



सरपंच एवं पंच के द्वारा दिया गया शिकायत पत्र

### एसडीएम की लापरवाही उजागर

एक माह में कई लोगों ने एसडीएम को लिखित में शिकायत दिया, परंतु एसडीएम ने गंभीरता नहीं दिखाई। एसडीएम गंभीरता दिखाकर स्थल का निरीक्षण करवा देते, तो करोड़ो की लागत से बना पुल जो धंसा है, वो नहीं धंसता। सराधुनवागांव के ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में हाराडुला के रेत तस्कर जितना जिम्मेदार है, उतना ही जिम्मेदार चारामा के एसडीएम है। एसडीएम को लिखित में आवेदन देने के बाद कोई कार्यवाही नहीं किया, जिससे करोड़ो का पुल धंस गया।



पुल के नीचे से रास्त बनाकर रेत का हुआ परिवहन

### कार्रवाई की माँग

ग्रामीणों ने हरिभूमि के माध्यम से कलेक्टर से माँग किया है कि हमारे द्वारा जो शिकायत किया गया था, उसकी जाँच के लिए उच्च समिति गठित करके जाँच करवाया जाए। हाराडुला के तस्कर की पूरी संपत्ति की जाँच किया जाएं, जिससे बड़ा मामला सामने आ सकता है। पुल के नुकसान की भरपाई रेत तस्करी में शामिल लोगों से वसूला जाएं। कार्यवाही नहीं होने पर सराधुनवागांव के ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### जमीन मालिक ने भी की थी शिकायत



जमीन मालिक के द्वारा दिया गया शिकायत पत्र

जमीन मालिक नीरज साहू ने एसडीएम को 12 दिन पहले शिकायत किया था, जिसमें लिखा है कि मेरे नाम कि भूमि जो कि ग्राम सराधुनवागांव में खसरा नं. 151/24 144/4 रकबा 1.40 हेक्टयर दर्ज है। प्रदीप सिन्हा द्वारा मेरे भूमि के ऊपर से ट्रैक्टर द्वारा रेत निकाल रहा है, मना करने पर यह भूमि भोजराज सिन्हा का है यह कह कर जबरदस्ती रेत निकाला जा रहा है, जबकि उनका कहना निराधार है। यह कि मेरे भूमि खसरा नं 144/4 के किनारे नदी में रेम बनाकर ट्रैक्टर द्वारा रेत निकाला जा रहा है, जिससे रोड और गहरा हो रहा है, जिससे नदी का उफान से पानी से मेरी जमीन का नुकसान हो सकता है। पुल के अंदर से रैंप बनाकर रेत निकाला जा रहा है, जिससे मेरे जमीन तथा पुल को भी नुकसान हो सकता है जबकि शासन के नियमानुसार पुल के नीचे से लोड वाहन निकालना गलत है। मेरे जमीन के नीचे नदी में मेरा मोटर पंप (बोर) है, इनके ट्रैक्टर चलने से मुझे परेशानी होती है।

## रानवाही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हुआ जर्जर, स्वास्थ्य सेवाएं ठप




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के सरकारी दावों के बीच कुल्हाड़कट्टा आश्रित ग्राम रानवाही में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की हालत बदहाल है। यह केंद्र अब केवल नाममात्र का रह गया है। भवन पूरी तरह से जर्ज़र हो चूका है एवं पिछले एक साल से यहां स्वास्थ्य केंद्र का संचालन बंद हो चूका है। इमारत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। छत से मलबा गिरता रहता है, दरवाजे टूट चुके हैं और परिसर में साँपों ने बसेरा बना लिया है, जिससे यहाँ निवासरत नर्स का भी जान जोखिम में डालकर रहना संभव नहीं है।

कुल्हाड़कट्टा आश्रित ग्राम रानवाही में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की हालत बदहाल है। यह केंद्र अब केवल नाममात्र का रह गया है। भवन पूरी तरह से जर्ज़र हो चूका है एवं पिछले एक साल से यहां स्वास्थ्य केंद्र का संचालन बंद हो चूका है। रानवाही में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन एक छोटे से योगा रूम में किया जा रहा है, जो मात्र एक ही कमरा है। इसी एक कमरे में मरीजों का इलाज, दवाइयों का भंडारण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं संचालित हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस केंद्र की मुख्य इमारत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। छत से मलबा गिरता रहता है, दरवाजे टूट चुके हैं और परिसर में साँपों ने बसेरा बना लिया है, जिससे यहाँ निवासरत नर्स का भी जान जोखिम में डालकर रहना संभव नहीं था, अतः वर्तमान में नर्स भानुप्रतापपुर के बसंत नगर में किराए के मकान में रह रही हैं, जिससे रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाएं ठप पड़ी हैं। एक समय यहाँ प्रसव जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी उपलब्ध थीं, पर अब भवन की स्थिति के कारण यह सेवा बंद हो चुकी है। महिलाओं को इलाज के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्राम सरपंच चमन लाल सलाम ने बताया कि कई बार जिला ▶▶|शेष पेज 10 पर

## अफसरों की मेहनत लाई रंग, कोयलीबेड़ा को स्वर्ण एवं दुर्गूकोंदल को मिला रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत सरकार नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत लक्षित सूचकांकों- स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि इत्यादि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांकेर जिला को रजत पदक तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक विकास के सूचकांक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोयलीबेड़ा ब्लॉक को स्वर्ण पदक और दुर्गूकोंदल ब्लॉक को रजत पदक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। शनिवार को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिला प्रशासन को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत 1 अगस्त जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल से पुरस्कृत किया गया। संपूर्णता कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम के द्वारा की गई। संपूर्णता कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा योजनाएं बनाई जाती है, जिसका मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन शासकीय सेवकों द्वारा किया जाता है। आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में जिले के ▶▶|शेष पेज 10 पर

- स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला पुरस्कार
- साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे तथा बच्चों को स्कूल भेजने में भी योगदान दें





### आकांक्षा हाट का किया अवलोकन

बस स्टैण्ड कांकेर स्थित डोम में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया है। हाट में विभिन्न महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए अलग-अलग प्रकार के उत्पाद को विक्रय के लिए रखा गया है। आकांक्षा हाट में तुलसी महिला स्व-सहायता समूह किरगोली, जय शीतला मां स्व-सहायता समूह लामपुरी अंतागढ़, नव जागृति स्व-सहायता समूह पुरियारा, नव जागृति स्व-सहायता समूह संबलपुर, राधारानी स्व-सहायता ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पत्नी से की मारपीट व जान से मारने की धमकी दी, पति पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मनकेशरी में पति और पत्नी के मध्य विवाद बढ़ जाने से परेशान पत्नी ने पति के खिलाफ झगड़ा लड़ाई करने और मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची 25 वर्षीय मनीषा पाठक पति मयंक पाठक ने पुलिस को बताया कि मैं मनकेशरी की रहने वाली हूँ और गृहणी हूं । मेरे पति मयंक पाठक घर में झगड़ा लड़ाई करते है, इसलिए मैं अपने बच्चे को लेकर एक माह से अपने माता पिता के निवास स्थान एमजी वार्ड कांकेर में रह रही हूं। मेरे पति 30 जुलाई को सायं साढ़े 4 बजे हमारे पिता के घर एजी वार्ड में नशे के हालत में आकर मुझे बोलने लगे कि, तू यहां क्यों रह रही है घर चल बोले, साथ में गाली दे रहे थे। मैने कहा कि नशे में आए हो, जब आपका नशा उतर जाएगा, तब आना फिर घर चलेंगे बोली, इतना कहने पर मेरा पति मुझे बोलने लगा कि तू कौन होती है, मुझे नशा करने से मना करने वाली कहकर मेरे साथ हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा और जान से मार दूंगा बोलकर मेरा गला दबा दिया था। मारपीट को देख मेरे भाई किशोर मानिकपुरी , मां सुशीला ▶▶|शेष पेज 10 पर



## भैसमुंडी प्राशा भवन जर्जर मासूमों की जान खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासन-प्रशासन के सुरक्षा-संपन्न और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों के बीच भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम भैसमुंडी में स्थित दशकों पुराना सरकारी प्राथमिक विद्यालय खुद मौत का साया ओढ़े खड़ा है। छत से पानी टपकता, प्लास्टर झड़ता व बरसात में दीवारों व पिलरों का प्लास्टर उखड़ चुका है और कंक्रीट के टुकड़े गिरना आम बात हो गई है।

विकासखंड के ग्राम भैसमुंडी के प्राथमिक भवन जर्जर हो गई व भवन में विद्यालय संचालित किया जा रहा है। मासूमों की जान जोखिम में एवं ग्रामीणों व शिक्षकों के अनुसार भवन की अखिरी बार मरम्मत कब हुई, इसका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। हर दिन बच्चे और शिक्षक ▶▶|शेष पेज 10 पर



## अनुकूल मौसम के कारण कृषि कार्य में तेजी, किसान खुश

# जुलाई में बरसे बादल से बोआई पूर्ण, अब दवा और खाद के छिड़काव की है बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में जुलाई माह में हुई बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। जिलेभर में रुक-रुक के हो रही बारिश के चलते किसानी पिछड़ गई, लेकिन, पूरे जुलाई माह में बरसे बादल ने किसानों को खेती करने में सहूलियत हुई, जिससे बोनी का कार्य पूर्ण हो पाया है फिलहाल अब मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा अभी आने वाले दिनों में बारिश की संभवाना कम रहेगी।

- धान बोआई का लक्ष्य 1 लाख 82 हजार हेक्टेयर में जिला आगे

जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2025 से अब तक 529.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। खरीफ वर्ष 2025 में जिले में खरीफ फसल के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर

### डीएपी की जगह वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग



कृषकों ने डीएपी की मांग को ध्यान में रखते हुए डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरको जैसे एसएसपी, एनपीके के माध्यम से पूर्ति की जा रही है। कृषकों को गुणवत्तयुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीज एवं उर्वरक के नमूने अधिसुचित परीक्षण प्रयोगशाला को परोक्षण के लिए प्रेषित किया जा रहा है। परीक्षण परिणाम अमानक पाए जाने पर नियमानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### किसानों को ऋण, बीज और उर्वरक का वितरण

खरीफ मौसम में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत व्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। 1 अप्रैल से 28 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में कुल 25 हजार 68 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 22941 टन का वितरण किया जा चुका है। सहकारी समितियों से यूरिया 09 हजार 34 टन, डीएपी 3 हजार 2 टन, पोटाश 2 हजार 614 टन, सुपर फॉस्फेट 4 हजार 24 टन, एवं एनपीके 4 हजार 267 टन का विक्रय किया जा चुका है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट परिसर व आसपास 60 दिनों के लिए धारा 163 लागू

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 अगस्त से 30 सितम्बर तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर के आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### फसल बीमा की अंतिम अवधि 14 तक बढ़ाई

**कांकेर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम अवधि 31 जुलाई से बढ़ाकर 14 अगस्त तक कर दी गई है। जिले के सभी ऋणी किसान अपने संबंधित बैंक शाखा, समिति से सम्पर्क स्थापित कर फसल बीमा करा सकते है। अऋणी कृषक अपनी नजदीकी जनसेवा केन्द्र से फसल बीमा करवा सकते है। योजना में ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। फसल बीमा के लिए भू-धारक और बटाईदार किसान भी पात्र होंगे। अधिसूचित फसल के लिए जिन किसानों को वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत या नवीनीकृत हुआ है। उन्हें योजना में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। गैर ऋणी किसान भी आधार कार्ड, बैंक पास बुक, बी-1 खसरा और स्व प्रमाणित फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ योजना में शामिल हो सकते है।

### बने खाबो, बने रहिबो सघन जांच एवं जागरूकता अभियान 4 से

**कांकेर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 4 से 6 अगस्त तक राज्य एवं जिला स्तर पर खाद्य सामग्रियों की सघन जांचकर खाद्य नमूना लिया जाएगा तथा खाद्य कारोबार करने वाले और उपभोक्ताओं के बीच खाद्य सामग्री के निर्माण, उपभोग संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस आशय की जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन कांकेर द्वारा दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बने खाबो -बने रहिबो अभियान का उद्देश्य खाद्य प्रदायकर्ताओं को एफएसएसएआई के दिशा निर्देशों से अवगत कराना एवं जनसामान्य को जागरूक करना तथा लोगों में स्वच्छ एवं स्वस्थ्य खानपान की आदतें विकसित करना है। साथ ही खाद्य व्यापारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, भोज्य पदार्थ की स्वच्छता एवं उसकी सुरक्षा, किचन की स्वच्छता एवं परिसर की साफ-सफाई के संबंध में जागरूक करना है। यह अभियान तीन दिवसीय होगा, जिसमें व्यापक तौर पर पूरे राज्य में प्रत्येक जिले एवं ब्लॉक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य बनाकर परोसने वाले संस्थानों एवं रेस्टोरेंट का सघन जांच किया जाएगा। साथ ही मौके पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### नदी में डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत भोसापारा पोरण्डी निवासी 28 वर्षीय शत्रुघन मंडावी नदी में बह गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पोरण्डी निवासी 24 वर्षीय संतलाल मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक 29 जुलाई को दोपहर 12 बजे घासीपारा पोरण्डी से भोसापारा जाने के लिए भंगाराम नदी को पार कर रहा था। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण मृतक बह गया व डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सारण्डा निवासी 35 वर्षीय प्रदीप कुमार कश्यप का अज्ञात कारणो से मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक की मौत 31 जुलाई को दोपहर 12 बजें अज्ञात कारणों से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# मक्का से इथेनॉल बनाने का प्लांट जल्द होगा शुरू: मंत्री रामविचार नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि तथा कल्याण मंत्री रामविचार नेताम गुरुवारदिवसीय दौरे पर कोंडागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिलों के आदिवासी विकास, कृषि और उद्यानिकी विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

समीक्षा बैठक में मंत्री नेताम ने विभागीय योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य और उपलब्धियों की जानकारी ली और अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासी अंचलों में संचालित योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँचे, यही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक के बाद, मंत्री श्री नेताम ने ग्राम कोकड़ी स्थित मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने मक्का से इथेनॉल बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली। यह इथेनॉल प्लांट अभी ट्रायल चरण में है, जिसे मंत्री ने जल्द से जल्द पूरी तरह से शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि इस संयंत्र के संचालन से क्षेत्र के किसानों को मक्का का बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों और समिति सदस्यों से उत्पादन, संग्रहण और विपणन की व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की।

**विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और मक्का प्रसंस्करण इकाई का दौरा**



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, प्लांट के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास खन्ना, महाप्रबंधक सत्यनारायण शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधि और समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# छग केश शिल्प बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन सड़क हादसे में हुई घायल

*घायल होने के बावजूद सेन ने अपने वाहन में अन्य घायलों को पहुंचाया अस्पताल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोण्डागांव जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में राज्य केश शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन घायल हो गई। यह हादसा तब हुआ जब मोना सेन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने फरसागुड़ा जा रहे थे । तभी नेशनल हाइवे 30 पर मस्सुकोकोड़ा पेट्रोल पंप के पास मोना सेन के वाहन की एक बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार दो युवक भी घायल हो गए हैं। वहीं मोना सेन भी घायल हो गई। बाइक सवार घायल युवकों को मोना सेन कि गाड़ी से और मोना सेन को धरसीवां के पूर्व विधायक देवजी पटेल की गाड़ी से तुरंत इलाज के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया। इस दौरान धरसीवां के पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू और बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल भी साथ में थे । हादसे की जानकारी मिलते ही भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच गए। मोना सेन को देखने के लिए अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गई थी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोना सेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और घायल युवकों के परिवार से भी मुलाकात की। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



**घायल युवक हुए रिफर:** हादसे में घायल बाइक सवार युवक ग्राम नीराछिंदली के निवासी अजय मरकाम पिता बंशीराम उम्र 24 वर्ष के पैर में गम्भीर चोट आई है। उसके दोस्त उमेश नाग पिता कुंवर नाग उम्र 22 वर्ष के सर में चोट आईं है। दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद 108 एंबुलेस से दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

**मोना सेन को मिली छुट्टी**

डॉक्टर ने बताया कि मोना सेन के दाहिने हाथ और कमर में हल्की चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच के बाद एक्सरे कराया गया, जिसमें कोई गंभीर फ्रैक्चर या अंदरूनी चोट नहीं पाई गई। कुछ देर आराम करने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया । फिर मोना सेन कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू के वाहन में सवार होकर फरसागुंडा के लिए रवाना हो गईं।

# उद्योग व बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम में उद्यमियों से हुआ सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के सहयोग से रैंप योजना के अंतर्गत आज सिटी सेंटर मॉल कांकेर में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, महिला उद्यमी, पीएनएफएमई व पीएमईजीपी योजना के विभिन्न हितग्राही और स्टार्टअप्स उद्यमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनेरा बैंक, यूको बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और सीजीटीएमएसई से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिस पर बैंक



अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर ही कई ऋण प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रारंभ की गई। सफल उद्यमियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बताकर भावी उद्यमियों को प्रोत्साहित भी किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सेक्टर को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे भावी उद्यमियों को मार्गदर्शन और सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे संवाद कार्यक्रम आयेजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी बैंकों और उपस्थित उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकों के अधिकारी और उद्यमीगण उपस्थित रहें।

# धौंराभाठा में सघन पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

वन मंडल अंतर्गत परिक्षेत्र नरहरपुर के उप परिक्षेत्र जामगांव स्थित ग्राम धौंराभाठा में 1 अगस्त वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार तथा ग्रामवासियों में वनों के प्रति जागरूकता लाना रहा। इस अवसर पर आंवला, जामुन, अमरूद, कटहल, आम, बेल जैसे फलदार एवं औषधीय पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया।

सामूहिक वृक्षारोपण से ग्राम क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और साथ ही साथ ग्रामीणों को आने वाले वर्षों में इन पौधों से प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे जोश से इस पहल में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में किसान मित्र योजना की भी विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। वक्ताओं ने बताया कि यह योजना कृषि और वानिकी के समन्वित विकास को बढ़ावा देती है। इससे न केवल किसानों को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा, बल्कि उनकी आजीविका के साधन भी सशक्त होंगे। वन विभाग के प्रतिनिधियों ने योजना की प्रक्रिया, पात्रता और आवेदन प्रणाली के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। अतिथियों ने वनों की महत्ता, जैव विविधता, और पर्यावरणीय संतुलन पर गहन प्रकाश डाला। यह कहा गया कि वन केवल लकड़ी या ईंधन का स्रोत नहीं, बल्कि जीवनदायिनी जलवायु नियंत्रक हैं। ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे वन सुरक्षा में सहयोग करें, अवैध कटाई एवं वन अपराधों से सजग रहें और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य मोनिका नेताम, सरपंच धौंराभाठा पियरबत्ती नेताम, ग्राम प्रमुख रामलाल कावड़े, प्रधानाध्यापक मनोहर लाल ठाकुर, प्रधान पाठक सियाराम कुंजाम, महेश नेताम, कमलदेव मरकाम, वन समिति सचिव चिमनलाल मरकाम, कुंती नेताम, गरीब नेताम, सालिक राम मंडावी, सियाराम कुंजाम, अरुण साहू, योगेश्वर सिंह, विवेक कुमार, शांनतनु पुजारी, गीता कंवर व छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहें।



# पेंशनरधारी कल्याण संघ का शपथग्रहण समारोह हुआ



**चारामा।** पेंशनर धारी कल्याण संघ की प्रांतीय सम्मेलन रायपुर संघ के प्रांतीय प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण 30 जुलाई को टिकरापारा स्थित साहू समाज के भवन रायपुर में हुआ, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण विधानसभा रायपुर के विधायक सुनील सोनी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष डीपी मनहर द्वारा किया गया। पदाधिकारी को शपथ दिलाने के बाद मुख्य अतिथि को तीन सूत्री मांग सौंपा गया, जिसमें छत्तीसगढ़ पेंशनधारियों के लिए रायपुर में एक भवन तथा धारा 49 (6) को हटाने के संबंध में एवं केंद्र के समान डीआर देने ज्ञापन सौंपा गया। विधायक द्वारा भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा की गई एवं अन्य मांगों को आगे कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया। कांकेर जिला से प्रतिनिधि के रूप में दिलदार सिंह ठाकुर, डीएस मांडवी एवं कन्हैया सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# सर्वसमाज ने जन-जागरण के लिए बैठक आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चोरिया बड़ेपारा में सर्वसमाजों के द्वारा सामाजिक जन-जागरण का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें आसपास गांव के सर्व समाज के समाज प्रमुख सरपंच, पटेल, गायता एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक में गांव गाव में हों रही बड़ी संख्या में गांव के भोले -भाले लोगों को बाहर से ईसाई प्लाटर आकर लोगों को बहला व फुसला कर हिन्दू धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म कों माननें के लिए बड़ी संख्या में लोगों को धर्मांतरण करा रहे हैं जों कि हिन्दू धर्म के लिए बड़ी ही चिन्ता का विषय बनना हुआ है। क्योंकि ईसाई धर्म को मानने वाले लोग हिन्दू धर्म के रिती-रिवाजों को नहीं मानते हैं और गांव के ईष्ट देवी देवताओं का अपमान करते है, जिसके कारण जों भी व्यक्ति धर्मांतरण कर रहे हैं उसका सर्व समाज के लोगों के सहमति के द्वारा चौंकी प्रभारी, राजस्व अधिकारी को धर्मांतरण कर रहे लोगों को रोकने कें लिए ज्ञापन दिया गया है। अगर फिर भी गांव में आकर कोई भी व्यक्ति को धर्मांतरण करते हैं तो इसका विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस बैठक के माध्यम से सर्व समाज जनों के द्वारा फैसला लिया गया है। बैठक में आदिवासी समाज के अध्यक्ष नरेंद्र नेताम, ग्राम पटेल सियाराम शोरी, कपुरचन्द कुंजाम, सरपंच हिरदेभास्कर, उपसरपंच गंगा राम भास्कर, दलदली सरपंच रमेश कुंजाम, उपसरपंच सुदामा यादव, किशोर भास्कर, सरोना सरपंच दिपीका वट्टी, उप-सरपंच दिनेश साहरे, ग्राम पटेल मोहन नेताम, फुलचंद नेताम, यशवंत सुरोजिया, मुड़पार सरपंच गंगा राम शोरी, उप-सरपंच राजकुमार कश्यप, ईश्वर मंडावी, राजकुमार नाग, सुरजभान कुंजाम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# मधुमक्खी के काटने से घायल की इलाज के दौरान मौत

**पखांजूर।** दुर्गुकोंदल के ग्राम हाहालद्दी निवासी अंजुमराम नरेटी की मधुमक्खी काटने से इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गुकोंदल में मौत हो गई है। अंजुमराम अपने खेत गया था, इसी दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि डाक्टरों की लापरवाही से हुई मौत।



दुर्गुकोंदल के ग्राम हाहालद्दी निवासी अंजुमराम नरेटी की मधुमक्खी काटने से मौत हो गई है। मृतक के भाई शिवप्रसाद नरेटी व ग्रामीण अनिल सिन्हा ने बताया कि अंजुमराम नरेटी को 01 अगस्त को सुबह 10 बजे खेत पहुंचा इसी दौरान सैकड़ों मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खी काटने से अंजुम पूरी तरह घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में भर्ती कराया गया। परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि डाक्टरों ने सही इलाज नहीं किया और ना ही रिफर किया। इस कारण शरीर में सूजन हुई और मौत हो गई। इन्होंने बताया कि समय पर हायर सेंटर रिफर करने से इनकी जान बच सकती थी, लेकिन डाक्टरों ने जल्द रिफर नहीं किया और अस्पताल में दवाई का प्रबंध नहीं था। इसी कारण मौत हो गई। अंजुम के मौत के जिम्मेदार ड्यूटी पर तैनात डाक्टरों की है, इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। डां अल्का मरकाम ने बताया कि मधुमक्खी काटने से पीड़ित व्यक्ति को 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। आईएम इंजेक्शन लगाकर इलाज शुरू किया गया था। शरीर में सूजन था, इसलिए आईवी इंजेक्शन लगाने नहीं बन रही थी। इसलिए तत्काल जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया था। वाहन भी उपलब्ध था, लेकिन पीड़ित अंजुम के भाई ने रिफर करने से मना किया। उन्होंने कहा कि मैं अकेला हूं बाहर नहीं ले जा सकता। अस्पताल में हमारी टीम ने घायल व्यक्ति को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मौत हो गई।

# सेना से सेवानिवृत हवलदार का किया गया भव्य स्वागत

**पखांजुर।** भारतीय सेना की महा रेजिमेंट में 24 साल की शानदार सेवा पूरी करने के बाद हवलदार संजीत पाल का उनके पैतृक गाँव छोटेकापसी में भव्य स्वागत किया गया। हवलदार पाल जो नागालैंड सेक्टर से अपनी सेवानिवृत्ति के बाद घर लौटे, जहाँ उनका गाँव वालों और परिवार ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। गाँव पहुँचने पर आदिशबाजी एवं डीजे की धुन पर एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें छोटेकापसी के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। हर कोई देश के लिए अपनी सेवाएँ देने वाले इस वीर सपूत का सम्मान करने के लिए उत्साहित था। संजीत पाल के पिता रमेश पाल और पूरे परिवार के लिए यह बेहद गर्व का क्षण था।



# मोहम्मद रफी पुण्यतिथि पर संगीत ग्रुप का किया गठन

**पखांजूर।** भारत रत्न महान गायक मोहम्मद रफी साहब की पुण्य तिथि के अवसर पर कांकेर शहर के संगीत प्रेमियों के द्वारा संगीत एक सफर ग्रुप का गठन किया गया है। सर्वप्रथम महान गायक मोहम्मद रफी साहब के छायाचित्र पर उनको नमन करते हुए पुष्प गुच्छ एवं दीप प्रज्वलित करते हुए उनको श्रद्धांजली प्रदान की गई। आयोजन का शुभारंभ करते हुए मोहम्मद रफी द्वारा गाए हुए गीतों को याद करते हुए सर्वप्रथम सतीश केसरवानी के द्वारा आने से उनके आए बहार गीत के माध्यम से शुरूआत की गई। इस कड़ी में मंच के गायकों आकाश राव, राजीव मिश्रा, प्रशांत ठाकुर, नीपेनद ठाकुर, निक्कू, वीजेनदर तिवारी, नरेश सहारे, टीकम सलाम, सोनू, सुरेश, प्रशांत, सिद्धार्थ एवं अन्य गयको के द्वारा प्रस्तुति दी गई। शहर एवं अंचल के आस-पास के संगीत प्रेमियों को उचित मंच प्रदान करने के लिए इस संगीत ग्रुप का गठन किया गया है। हमारे देश के महान गायकों के द्वारा गाए हुए गीतों को आज भी लोग अपने दिलों में संजोकर रखे हुए है एवं उनकी यादों में जो संगीत के आयोजन होते आ रहे है। संगीत एक सफर ग्रुप के मंच के माध्यम से आने वाले समय में महान गायको को याद करते हुए मंच के माध्यम से आयोजन लगातार होते रहेंगे। इस मंच का प्रमुख उदेश्य संगीत प्रेमियों को उचित मंच देकर उनको प्रोत्साहित करना है।

## पेज 9 के शेष...

### सराधुनवागांव के...

रेत की तस्करी में पूर्ण रूप से संलग्न है, जिसकी जानकारी क्षेत्र के सभी गांव के लोगों को है। एनजीटी के द्वारा दिए गए आदेश के तहत 15 जून से 15 अक्टूबर तक अवैध रेत का उत्खनन पूर्ण रूप से बंद है, इसके बावजूद हाराडुला के तस्करों ने इस काम को नहीं रोका। पुल के नीचे से जिस ढंग से रेत निकाली जा रही थी, उसी के डर के चलते 20 दिन पहले सराधुनवागांव के लोगों ने एसडीएम को आगाह किया था कि कार्यवाही किया जाएं, अन्यथा पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसके बाद भी एसडीएम की नींद नहीं खुली और सराधुनवागांव के जनप्रतिनिधियों के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया। इन ग्रामीणों का कहना है कि इसके पहले खनिज विभाग को भी अवगत कराया गया था।

### जनप्रतिनिधियों ने ...

कारोबार किया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत सराधुनवागांव को आपत्ति है। शासन के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और भविष्य में कोई अप्रिय घटना एवं पुल क्षतिग्रस्त होने की नदी किनारे खेत का कटाव होने की संभावनाएं है। ग्राम पंचायत सराधुनवागांव की आपत्ति और आवेदन के बाद भी रेत माफियों द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इस मामले में समय रहते उचित और कड़ी कार्यवाही कर अवैध उत्खनन पूर्ण रूप से बंद कराया जाए और पुल के नीचे से रास्ता बंद कराया जाए ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न घट पाए। भविष्य में कोई अप्रिय घटना एवं रेत के अवैध उत्खनन के लिए ग्राम पंचायत सराधुनवागांव की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### रानवाही हेल्थ...

प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया, परंतु कोई समाधान नहीं हुआ। रात्रि समय में डॉक्टर और नर्स की अनुपस्थिति के चलते आपात स्थिति में मरीजों को भानुप्रतापपुर या अन्य क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और जान दोनों की कीमत चुकानी पड़ती है।

### अफसरों की मेहनत...

अधिकारी-कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की, गंभीरता से कार्य किया, जिसके फलस्वरूप जिले को रजत पदक और कोयलीबेड़ा ब्लॉक को स्वर्ण पदक तथा दुर्गूकोंदल ब्लॉक को रजत पदक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। सभी शासकीय सेवक अपने-अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन करते हुए जिले के अंतिम छोर तक विकास को धरातल पर पहुंचाएं। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अपना योगदान दे। छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी तथा महेश जैन ने भी संपूर्णता कार्यक्रम ने आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों तथा जिला प्रशासन को बधाई दी। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम में कांकेर जिले में पांच सूचकांकों में पूर्णता को प्राप्त किया गया, जिसके लिए जिले को रजत पदक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। जिले के विकास के लिए बेहतर प्रदर्शन करने को कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, राजीव लोचन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

### आकांक्षा हाट का...

समूह धनेलीकन्हार, तिरंगा स्व-सहायता समूह धनेलीकन्हार, जय लक्ष्मी स्व-सहायता समूह धनेलीकन्हार, पूजा स्व-सहायता समूह पुरियारा, साधना स्व-सहायता समूह पुरियारा, सवांगा वेशभूषा चारामा, छत्तीसगढ़ हर्बल वन विभाग के द्वारा अपने-अपने समूह द्वारा तैयार की गई विभिन्न सामग्रियों जैसे-शहद, आचार, मुरब्बा, पापड़, साबुन, तिखुर, साड़ी, उड़द, मूंग, अरहर, दाल, आलू चिप्स, मुरकू, कुलथी, ईमली कैण्डी, बड़ी, रूपयामाला, करधन, पैर कड़ा, हाथ कड़ा, फुंदरा इत्यादि विक्रय किया जा रहा है।

### पत्नी से की ...

मानिकपुरी मुझे छुड़ाए। मेरा भाई और मेरी माँ में मुझे नही बचाते, तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। पति के मारपीट से मेरे गाल और गले में चोट आई है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### भैसमुंडी प्राशा...

जान जोखिम में डालकर कक्षाएँ लगाते हैं। अभिभावक किसी अनहोनी के डर से सदा सहमे रहते हैं। विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को कई बार लिखित-मौखिक जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुई। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी और जनपद पंचायत से तत्काल नई इमारत के निर्माण या अस्थाई सुरक्षित व्यवस्था की माँग की है, ताकि नन्हे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई उनके जीवन पर भारी न पड़ जाए। स्थानिय अभिभावकों ने कहा कि शिक्षा के नाम पर मासूमों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जल्द समस्या का समाधन नही किया गया तो व्यापक विरोध होगा।

### जुलाई में बरसे...

धान बोवाई का लक्ष्य 1 लाख 82 हजार हेक्टेयर रखा गया है। इसके अतिरिक्त, शेष रकबा दलहन-तिलहन, मूंगफली, सोयाबीन, सब्जी और अन्य फसलों के लिए निर्धारित किया गया है। अब धान के बोवाई लगभग पूर्ण हो चुका है। अब किसान अपनी फसलों में दवाई एवं खाद का छिड़काव करने में जुटे हुए है। किसानों ने बताया कि जुलाई में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई है। इसी तरह किसानों को खेती किसानी में सहूलियत दिलाने चालू सत्र में ऋण वितरण लक्ष्य 343 करोड़ 90 लाख रखा गया है, जिसके विरुद्ध 250 करोड़ 44 लाख ऋण वितरण किया जा चुका है। रवी सीजन के ऋण की वसूली भी की जा रही है, जिसमें अभी तक लगभग 60 प्रतिशत वसूली भी हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### डोम शेड निर्माण का पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल में शुक्रवार को वार्ड नंबर 3 बंगाली कैंप मंगल भवन के ऊपर डोम शेड निर्माण हेतु पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा भूमि पूजन किया गया। बता दे कि वार्डवासियों एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा कई वर्षों से डोम शेड की मांग की जा रही थी, जिनकी मांग आज पूरी हुई। साथ ही पालिका अध्यक्ष ने अपने बेहतर कार्यों का प्रदर्शन करते हुए नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर, पार्षदगण, बंग समाज के अध्यक्ष सुकुमार हालदार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, सुभाष नंदी, नीलरतन घोष एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### चोरी के नियत से घूम रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बचेली।** जिले में बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए थाना प्रभारी बचेली के नेतृत्व में गश्त के दौरान रात्रि में लेबर हाटमेंट बचेली का राजू मंडावी 27 वर्ष एवं ग्राम दुगेली ईमलीपारा का विकास कर्मा 22 वर्ष चोरी करने की नीयत से घूमते मिले और पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देखकर लूक छिप कर रहे थे। संजय दास 47 वर्ष निवासी छन्नूपारा बचेली का रहने वाला जो सार्वजनिक जगह पर नशा कर बचेली मंदिर के पास उपद्रव कर शांति भंग कर रहा था। इन सभी को गिरफ्तार कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी बचेली के समक्ष पेश कर जिला जेल दंतेवाड़ा भेजा गया है।

### आत्मानंद हाई स्कूल में पौधरोपण



**सुकमा।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और आरोह फाउंडेशन सुकमा की संयुक्त पहल पर रामाराम आत्मानंद हाई स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदाय में पौधरोपण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

# छात्रावासी बच्चों का समग्र विकास अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी: नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार

- मंत्री ने तीन जिलों के अधिकारियों की ली बैठक

नेताम ने गुरूवार को दंतेवाड़ा जिला कार्यालय के सभागार में दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के आदिवासी विकास विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत और पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री नेताम ने छात्रावासों में रह रहे बच्चों के समग्र विकास को अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया।



उन्होंने सभी सहायक आयुक्तों को निर्देशित किया कि वे आश्रम-छात्रावासों का नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण करें और रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपें।

मंत्री ने कहा कि जिन अधीक्षकों द्वारा आश्रमों का संचालन ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है, उन्हें तत्काल हटाया जाए। साथ ही सभी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए और सामग्री की खरीदी केवल जेम पोर्टल के माध्यम से की जाए, खुले बाजार से कोई भी खरीदी न की जाए। वर्तमान में बरसात का मौसम होने के कारण मंत्री नेताम ने आश्रमों में नियमित सफाई, जीव-जन्तुओं से सुरक्षा और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में बिजली, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने छात्रावास परिसरों में पौधरोपण कराए जाने के भी निर्देश दिए। मंत्री नेताम ने निर्माण कार्यों की शीघ्र पूर्णता और शासन की राशि के समुचित उपयोग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आश्रमों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अधिकारियों को निरंतर निगरानी रखनी होगी। बैठक में तीनों जिलों के सहायक आयुक्तों ने अपने-अपने जिलों में संचालित छात्रावासों की जानकारी मंत्री को दी।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आरके बर्मन सहित तीनों जिलों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण विभाग मंत्री का दंतेवाड़ा प्रवास

# योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ जरूरतमंद तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने दो दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान विभागीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की आकस्मिक समीक्षा की।

दौरे की शुरुआत नियत नेलानार ग्राम पंचायत अंतर्गत गमावाड़ा के

- आंगनबाड़ी केंद्र, सखी सेंटर, बाल गृह और बाल सम्प्रेषण गृह, नारी निकेतन केन्द्रों का किया निरीक्षण

आंगनबाड़ी केंद्र मुंद्रापारा के निरीक्षण से हुई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकओं को मातृ वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना सहित सभी शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उनके द्वारा ग्रामीणों से





आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी भी ली गई। इसके पश्चात सचिव राजवाड़े ने मुख्यालय स्थित सखी सेंटर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सेंटर में टोल फ्री नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सखी सेंटर की स्टाफ से बातचीत कर फील्ड में आने वाली समस्याओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

साथ ही उनके द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित बाल गृह और बाल सम्प्रेषण गृह का भी निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया और उनके स्वास्थ्य, पोषण और समग्र देखरेख की स्थिति से अवगत हुईं। यहां उन्होंने संबंधित स्टाफ को संस्थाओं के संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। नारी निकेतन गृह के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने वहाँ निवासरत अंतःवासिनियों से एकांत में भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पुलिस जवानों को राखी बाँधकर दी रक्षाबंधन की दी शुभकामनाएँ, कहा आपकी वीरता को मेरा प्रणाम है।

आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व के परिप्रेक्ष्य में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कारली स्थित पुलिस जवानों को राखी बाँधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस विशेष अवसर पर उन्होंने कहा, आप सभी हमारे रक्षक हैं, आपके साहस और समर्पण को मैं नमन करती हूँ। यह राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि आपके प्रति हमारे विश्वास, कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी कहा कि जब हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं, तो इसके पीछे आपकी निस्वार्थ सेवा और चौबीसों घंटे की तैनाती होती है। आपके साहस और अनुशासन की भावना पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। मंत्री राजवाड़े ने जवानों से बातचीत कर उनके परिवारों की कुशलक्षेम भी जानी और उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके कल्याण और सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों महिलाओं ने भी जवानों को राखियां बांधी और मिठाइयाँ वितरित कीं।

### शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**जगदलपुर।** शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का 30 जुलाई को आयोजन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायाधीश अंकिता कश्यप मौजूद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रभारी प्राचार्या ज्योत्सना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर अंकिता कश्यप के द्वारा विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में रैगिंग के विषय में एवं विभिन्न अपराधों एवं उनकी सजा के प्रावधानों को विस्तार पूर्वक समझाया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के शिक्षक गण ज्योत्सना मिश्रा, सुकरी मौर्य, इंद्र कुमार झा, रोहित सोनवानी एवं अन्य स्टाफ एवं शिक्षक गण मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता इंद्र कुमार झा के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन रोहित सोनवानी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# बच्चों से सीधे संवाद कर भोजन, शिक्षा की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बीजापुर प्रवास के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विभागीय संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंत्री राजवाड़े ने किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के अंतर्गत संचालित बालक बालगृह टुमोरोज फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन द्वारा संचालित बालिका गृह का दौरा किया। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी दिनचर्या भोजन, शिक्षा और योग जैसी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, विशेषकर ट्यूशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की



जाए। बालिका गृह में रह रही एक दिव्यांग बालिका के लिए समाज कल्याण विभाग के समन्वय से कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मंत्री सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंची, जहां उन्होंने वहां मिलने वाली सेवाओं की जानकारी ली। बताया गया कि सेंटर में प्रतिमाह 12 से 20 प्रकरण सामने आते हैं, जिनमें प्रत्येक में औसतन तीन बार काउंसलिंग की जाती है। कुछ गंभीर प्रकरणों में पीड़िता की इच्छा अनुसार उन्हें थाने भेजकर एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

मंत्री राजवाड़े ने एजुकेशन सिटी स्थित समर्थ विद्यालय का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संवेदी कक्ष में संवेदना विकास हेतु की जाने वाली गतिविधियों से अवगत होकर दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में प्राप्त व्यवस्थाओं की प्रशंसा की एवं दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति कर मंत्री का आत्मीय स्वागत भी किए।

### मंत्री राजवाड़े को गार्ड ऑफ ऑनर दी गई



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को सर्किट हाऊस बीजापुर में पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### निखिल को श्रद्धा सुमन अर्पित ...



जगदलपुर/बस्तर। वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे तथा पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के पुत्र निखिल कश्यप का विगत 23 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया था। आज फरसागुड़ा में शोक सभा में पहुंचे लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शुक्रवार को सुबह से देर रात तक जनप्रतिनिधी, अधिकारी, कर्मचारी सभी वर्ग के लोग, ग्रामीण बड़ी संख्या में फरसागुड़ा पहुंचे। कश्यप परिवार को इस दारूण दुख में संबल देने के लिए ईश्वर से कामना कर ढाढस बंधाया। इस दौरान धार्मिक पुस्तकें लोगों को दी गई।

# प्रधान अध्यापक पदों पर शीघ्र होगी पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड/जगदलपुर

बस्तर संभाग के शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक (शिक्षा) राकेश पांडेय से मुलाकात कर शिक्षक व प्रधान अध्यापक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, संभागीय अध्यक्ष शिवराज सिंह ठाकुर, बस्तर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी और कोण्डागांव के कोशल नेताम शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने सहायक शिक्षक से शिक्षक पद और शिक्षक से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने का



अनुरोध किया। संयुक्त संचालक पांडेय ने आश्वस्त किया कि सबसे पहले माध्यमिक शालाओं में प्रधान पाठक के लगभग 850 रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया अगस्त माह में पूरी की जाएगी, इसके बाद सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति की जाएगी। संघ ने बताया कि जेडी के साथ हुई चर्चा सकारात्मक रही और पदोन्नति की प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने का आश्वासन मिला है। संघ को विश्वास है कि लंबे समय से प्रतीक्षित यह प्रक्रिया अगस्त में ही पूरी कर ली जाएगी, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षकों को लाभ मिलेगा। यह निर्णय बस्तर संभाग के शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रिक्त पदों के कारण उत्पन्न समस्याओं का समाधान होगा

# नक्सलवाद को किनारा कर उन्नति व प्रगति की राह पर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

219वीं बटालियन सीआरपीएफ समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर रही है। बीते दिन गुरुवार के वीरेंद्र अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक पश्चिमी क्षेत्र एवं पार्थ सारथी घोष कमाण्डेंट तथा अधिनस्थ अधिकारियों के निर्देशन पर भेज्जी कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं



लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना साथ ही ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। आज के कार्यक्रम मे ग्रामीणों को सोलर पलेट, महिलाओ को साडी, बुजुर्गों को कम्बल, युवाओं को खेल सामग्री, बालिकाओ को साईकिल दिया गया साथ ही ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं का उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक पश्चिमी क्षेत्र ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सभी ग्राम व निवासियो की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है। सीआरपीएफ स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार नए सुरक्षा कैम्प, जन सुविधा केन्द्र, सडक, बिजली, पानी आदि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है जिससे प्रत्येक आदिवासी का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। साथ ही आहवान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में ना आयें, अपने बच्चों को अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा दिलवाये, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें व एकजुट होकर देश के अग्रणी विकास में भागीदार बने।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कराया न्योता भोज



**दरभा।** दरभा मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत संस्था के समस्त स्टॉफ ने सामुदायिक सहभागिता के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधिक्षिका सफीना शेख, शिक्षिका शहनाज खान, शिक्षिका बुधियारीन खुटे, शिक्षिका बालमती नाग एवं माधुरी मरकाम शिक्षिका एवं समस्त स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी शेख तौफीक खान के नेतृत्व मे आयोजित किया गया।

# दंत चिकित्सकों ने दी मौखिक स्वच्छता की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मौखिक स्वच्छता दिवस के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन, बस्तर ब्रांच द्वारा 6 सरकारी स्कूलों में मौखिक स्वच्छता के महत्व समझने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के डॉक्टरों ने छात्रों को मुख में होने वाली बीमारियों तथा उससे बचाव के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने दो बार ब्रश करने और जीभ की सफाई रखने के लाभ के बारे में बताया और साथ ही ब्रश करने की सही विधि भी प्रदर्शित की।छोटी उम्र में ही यदि बच्चों को मुख की सफाई एवं उसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाए तो आगे चलकर बड़ी समस्याएं होने की संभावना काफी कम हो जाती है, इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार दंत चिकित्सकों के संगठन ने स्कूल में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। संगठन आगे भी इसी प्रकार की कुछ कार्यक्रम स्कूल विशेष को ध्यान में रखते हुए करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।




### स्कूलों का किया दौरा

नगर के महारानी लक्ष्मीबाई, जगतु माहरा शाबहुऊ माध्यमिक विद्यालय, कन्या क्रमांक 2 विद्यालय, विवेकानंद शा. एक्सलिएंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, भगत सिंह स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक लागू, सचिव डॉ. विकास दीवान, कोषाध्यक्ष डॉ. शब्बीर हसन, डॉ. एन.के. कौशल, डॉ. आशा दुल्हानी, डॉ. आशा गुप्ता, डॉ. रीना मोरला, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. दीक्षा झाड़ी, डॉ. करीना, डॉ. कृतिका मूंदड़ा, डॉ. मृदुला ज़वेरी, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. रौनक बख्श, डॉ. रुबीना, डॉ. शिवानी सारंगी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. विनोद, डॉ. वहीदा रहमान, डॉ. युगल अग्रवाल ने अपना योगदान दिया।



## खबर संक्षेप

### चारामा मंडल कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन की कार्रवाई की



**चारामा।** संगठन सृजन के तहत विधायक निवास चारामा में विधायक सावित्री मनोज मंडावी की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप के दिशा निर्देश पर चारामा मंडल जोन प्रभारी राजेंद्र सलाम ने मंडल कमेटी पुनर्गठन के संबंध में जानकारी देते हुए समस्त जोन पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, सेक्टर पदाधिकारी, बूथ पदाधिकारी, अध्यक्ष नगर पंचायत, पूर्व पार्षद कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ रायशुमारी कर मंडल कमेटी पुनर्गठन किया गया। संगठन के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करने की बात कही गई।

### सत्र शुरू होने के एक माह बाद भी नहीं मिली पुस्तकें

**दुर्गूकोंदल।** बालक माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम शाला दुर्गूकोंदल को शिक्षा सत्र एक माह समाप्त होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें नहीं मिल पाई है। छात्रों को हिंदी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान विषय की पुस्तके नहीं मिली है, केवल अंग्रेजी की पुस्तक ही हफ्ते भर पहले मिली है। छात्र-छात्राओं को किताबें नहीं मिल पाने के चलते स्कूल जाते हैं, परंतु बगैर पढ़ाई किए छुट्टी होने पर घर लौट जाते हैं।

## निधन

### चमरिन बाई



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम भुरसा तरहुल निवासी 78 वर्षीय चमरिन बाई का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमें रिश्तेदार, ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे गोंडवाना समाज के ग्राम अध्यक्ष प्रताप सिंह कोरोटी के माता थे।

### जुथिका दास



**पखांजुर।** पीव्ही 46 शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान अध्यापिका 55 वर्षीय जुथिका दास पति बिब्रत दास का निधन हो गया। वे जो लंबे समय से बीमार थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

## बैठक में डीईओ ने दिए निर्देश और होमवर्क देने पर दिया जोर

# अंतर संकुल समूह की समस्त शाला प्रमुखों की बैठक में गुणवत्ता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के मॉ बंजारी शैक्षिक अंतरसंकुल समूह के अंतर्गत संचालित समस्त शाला प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संकुल केंद्र सुरुंगदोह 1, सुरुंगदोह 2, कोंडे, कोड़ेखुर्से, गोड़पाल, ओटेकसा, चिखली 1, चिखली 2 और मंगहूर के शाला प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, जिला मिशन समन्वयक रवि कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी और खंड स्रोत समन्वयक लतीफ सोम के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें शैक्षिक गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि प्रेयर टुगेदर प्रश्नोत्तरी गतिविधि का आयोजन प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाए। नवोदय, एकलव्य, प्रयास और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीणता छात्रवृत्ति परीक्षा जैसी प्रतियोगिताओं के लिए एक कालखंड निर्धारित कर गंभीरता से तैयारी कराने का निर्देश दिया गया। कापियों और पुस्तकों में कवर लगाना अनिवार्य। प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर नियमित होमवर्क देना और अगले दिन उसकी अनिवार्य जांच करना। प्रत्येक विद्यार्थी की कापी की नियमित जांच सुनिश्चित करना। प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस पर प्रधान पाठक द्वारा कापियों में हस्ताक्षर और सील लगाना। सिलेब का उचित विभाजन कर समयबद्ध तरीके से पढ़ाई सुनिश्चित करना। शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन डायरी लिखना अनिवार्य। अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने की बात कही गई।खंड स्रोत समन्वयक ने कहा कि अपार आईडी और यू-डाइस प्लस डेटा को पूर्ण करना। स्थानीय इतिहास लेखन और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम का आयोजन करना। शाला समय का पालन और बरसात में विद्यार्थियों को जोखिम वाले स्थानों से सुरक्षित रखना। बैठक में संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, हीरानंद कोठारी, थानेश्वर चंद्राकर, ओमप्रकाश उयके, रमन सलाम, संतोष राठौर, गौरीशंकर नायक, संकुल समन्वयक सुखदेव कोड़ोपी, भरत दरपट्टी, राजकुमार चंद्राकर, राजेंद्र गावड़े, युगल किशोर नेताम, उमाकांत भंडारी, सूरतू राम जाड़े सहित समस्त प्रधान पाठक उपस्थित रहें।

### एनएसएस से छात्रों में होता है नैतिक विकास

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा में प्राचार्य के प्रयास से एनएसएस इकाई का शुभारंभ किया गया। एनएसएस ईकाई के प्रारंभ हो जाने से छात्रों का लाभ मिलना तय है। एनएसएस ईकाई के शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पूजा अर्चना कर किया गया एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ चंदन वदन के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर पर प्राचार्य कुमुद ध्रुव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के बीच एक अच्छा संबंध स्थापित होता है, साथ ही व्यक्ति सामाजिक शैक्षणिक विकास एवं नैतिक गुण का विकास होता है, जिसे समाज में पालन किया जाता है। समस्त अतिथियों ने अपने विचार रखे। इस ईकाई के कार्यक्रम प्रभारी पंचराम करपाल, श्रद्धा ठाकुर एवं शिक्षकों के द्वारा छात्रों को डायरी वितरण किया गया।



# औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

शासकीय हाई स्कूल मर्रामपानी में अचौक निरीक्षण में पहुंचे जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता एवं नरेंद्र जैन स्कूली बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई का हाल चाल पूछा। हाई स्कूल मर्रामपानी के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश कुमार गोस्वामी ने स्कूल में स्वीपर नहीं होने की कही तो गोपी बढ़ाई ने कहा बीईओ से बात कर स्वीपर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

स्कूल में औचक निरीक्षण करते हुए स्कूलों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया, निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी से बातचीत कर सम्बंधित अधिकारी को स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता का मूल्यांकन कर व्यवस्थाओं और सुविधाओं का आकलन, अनियमितताओं और कमियों की पहचान करना और सुधार के लिए सुझाव दिया। औचक निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति और शैक्षिक गतिविधियाँ को देखने के लिए क्लास रूम में जाकर निरीक्षण कर छात्रों की उपस्थिति, उनकी शैफिक गतिविधियों और उनकी प्रगति का मूल्यांकन किया, साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण कार्य में गति लाने को कहा और उनकी शिक्षण पद्धति और छात्रों के साथ उनकी बातचीत का मूल्यांकन, स्कूल की स्वच्छता और स्कूल की स्वच्छता, भवन की स्थिति और रखरखाव, स्कूल में संसाधनों की उपलब्धता, जैसे कि पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं का मूल्यांकन किया और कहा कि यह निरिक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करती है।

# रागी व उड़द बीजों का किसानों को निशुल्क वितरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम बतबनी में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 अंतर्गत रागी बीज किस्म छत्तीसगढ़ रागी एवं उड़द बीज किस्म इंदिरा उड़द प्रथम का निः शुल्क वितरण मारवाडी उपसरपंच जोहिर सोरी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम द्वारा किया गया।

एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत रागी बीज किस्म छत्तीसगढ़ रागी एवं उड़द बीज किस्म इंदिरा उड़द प्रथम का निः शुल्क वितरण कर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा बीजोपचार विधि, वैज्ञानिक पद्धति से खेती एवं रागी फसल के फायदे एवं महत्व, जिसमें रागी अनाज में भरपूर मात्रा में फाइबर के साथ प्रोटीन, कैल्शियम और आयरन पाया जाता है। इसके सेवन से शरीर को अनेक लाभ मिलते है। रागी फसल औषधीय गुणों से भरपूर होती है एवं जो जोड़ों के दर्द में, वजन के लिए, कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों में फायदेमंद साबित होती है की जानकारी दी गई एवं अन्य किसान भाइयों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर रोशन कुमार निषाद, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार मेश्राम, कृषक मित्र सुरही चैतराम कोडोपी, जागेश्वर यादव, रोहिदास नेताम, नारायण कोर्राम, रिसउ राम कोमरा, बिसनाथ कोमरा, रामुराम, चमरु राम नेताम एवं बतबनी, मरादेव के किसान भाई उपस्थित रहे।



# बड़ेपराली पुलिया 5 साल में जर्जर फैली दरारें, आवागमन खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

बड़गांव से बड़ेपराली तक सड़क और पुलिया की हालत 5 साल में ही धंस गया। बड़ेपराली गांव में पुलिया को बने महज 5 साल हुए है और उसमें दरारें पड़ गई। सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया, जिससे ग्रामीणों में डर है कि कहीं यह पुलिया गिर न जाए। मार्ग में चलने वाले राहगिर पुलिया से गुजरते वक्त डरे हुए रहते है।

विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के बड़ेपराली गांव में 5 साल हुए पुलिया में अब दरारें पड़ गई। सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया, जिससे मार्ग में चलने वाले राहगिर पुलिया से गुजरते वक्त डरे हुए रहते है। ग्रामीण शंकर तुलावी ने बताया कि बड़गांव से बड़ेपराली तक सड़क और पुलिया निर्माण की सालों से मांग की जा रही थी। लंबे समय बाद पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृति मिली। 2019-20 में सड़क के साथ नाले पर यह पुलिया बनाई गई, लेकिन पुलिया की गुणवत्ता शुरू से ही बेहद खराब है। प्लिंथ से खड़ी पुलिया में किए गई दीवार में दरार पड़ गई है। इसी दीवार में ढलाई कर पुलिया बनाई गई है। दीवार के टूटने से पुलिया से लगी सड़क भी धंस गई है, जिससे लोगों को आवाजाही में जान का खतरा महसूस हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दरार की जानकारी होने के बाद से वे काफी परेशान हैं। प्रशासन से पुलिया की मरम्मत व जांच के कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया गया।

# रावस स्कूल में बच्चों के साथ बांटी खुशियां, कराया सामूहिक भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



नरहरपुर विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रावस में आयोजित न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज आयोजन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने न सिर्फ बच्चों और शिक्षकों को शामिल कर आनंद साझा किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि शिक्षा प्रशासन के शीर्ष पदों पर बैठे लोग यदि संवेदनशीलता और जुड़ाव की भावना से कार्य करें, तो स्कूलें सिर्फ पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि समाज निर्माण का केंद्र बन सकती हैं।

न्योता भोज आयोजन पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। बच्चे इस आयोजन को लेकर पूरे दिन उत्साहित नजर आए। भोजन व्यवस्था को सुव्यवस्थित और अनुशासित तरीके से अंजाम दिया गया। भोजन में पूरी-सब्जी, चावल-दाल, खीर, पापड़ सहित स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। बच्चों ने पंक्तिबद्ध होकर भोजन ग्रहण किया, जिसके पश्चात मिठाइयाँ और टॉफियाँ वितरित की गई। यह आयोजन केवल भोज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बच्चों के लिए आत्मीयता और अपनापन का अनुभव था। विद्यालय के शिक्षकगण और ग्रामवासी भी इस आयोजन में सम्मिलित होकर शिक्षा अधिकारी की इस विनम्र और मानवीय पहल के साक्षी बने। इस अवसर पर डीईओ रमेश कुमार निषाद ने कहा की शिक्षा केवल शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सामाजिक दायित्व भी है। मैंने अपने पुत्र के जन्मदिवस को केवल एक पारिवारिक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि समाज के उन बच्चों के साथ बाँटने का निर्णय लिया, जो देश का भविष्य हैं। बच्चों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। उनका यह कथन न केवल उनके व्यक्तिगत मूल्यों को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि एक अधिकारी के रूप में वे संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी को कितना महत्व देते हैं। विद्यालय के प्रधानपाठक सहित समस्त शिक्षकों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने इसे एक सकारात्मक संदेश बताया जो बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक है। ग्रामवासियों ने भी कहा कि जब कोई वरिष्ठ अधिकारी बच्चों के साथ सीधे जुड़ता है और उनके साथ खुशियाँ बाँटता है, तो शिक्षा का प्रभाव केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन के हर पहलू में उतरता है।

# स्थानांतरण पर पंचायत सचिव को दी गई विदाई



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के मुख्यालय पंचायत के सचिव का अन्यत्र स्थांतरण हो जाने पर ग्राम पंचायत परिवार ने विदाई दिया और उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना किया गया। ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के पंचायत सचिव रामदेव आंचला का स्थानांतरण अन्यत्र होने पर ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच एवं ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड पंच ने विदाई दिया और श्रीफल साल भेंट किया। सरपंच शकुंतला नरेटी ने स्थांतरितसचिव के कार्यों का प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु जीवन की कामना किया। स्थांतरित सचिव ने अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि दुर्गूकोंदल में जो कार्य किया वह स्मरणीय है। मैं आप सभी के सम्मान के प्रति आप सबका आभारी रहूंगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के उपसरपंच तामेश्वरी जैन , ओम् दुग्गा,सामारूराम,पी के दुर्गे करिश्मा दुग्गा, सतीश कुमार मंडावी, संजय उसेंडी सावित्री बघेल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक शराबखोरी 3 को पुलिस ने दबोचा



**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने सार्वजिक जगहो पर शराब पीने वालो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दुध नदी भंडारीपारा के किनारे सार्वजनिक स्थान पर 31 जुलाई की रात 10 बजें शराब का सेवन करते हुए ईमलीपारा मर्दापोटी निवासी 33 वर्षीय राकेश सलाम को पकड़ा गया, पण्डरीपानी के दूध नदी किनारे शराब पिते हुए 31 जुलाई को दोपहर ढाई बजें पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी 31 वर्षीय टिकेश्वर नेताम, 28 वर्षीय अरूण कुमार पटेल टिकारपारा उमरादाह निवासी को पकड़ा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# उपनिरीक्षक एवं महिला प्रधान आरक्षक की सेवानिवृत्त होने पर अफसरों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला कांकेर में पदस्थ उपनिरीक्षक सुनील कुमार ढाबरे उप निरीक्षक एवं महिला प्रधान आरक्षक सुरेखा नेताम के 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई दी गई।

सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक जिला दन्तेवाड़ा में 11 नवंबर 1991 को आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर 29 जून 2005 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक, 14 दिसंबर 2009 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक एवं 9 जून 2021 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए थे। इस दौरान जिला दन्तेवाड़ा, सुकमा बीजापुर एवं कांकेर के नक्सल प्रभावित थाना भद्राकाली, किस्टाराम, गोलापल्ली, एर्राबोर, पोलमपल्ली के साथ-साथ थाना गीदम यातायात कांकेर में अपनी सेवायें दी। महिला प्रधान आरक्षक सुरेखा नेताम जिला बीजापुर में 18 अगस्त 2004 को आरक्षक के पद पर नियुक्त होकर 17 दिसंबर 2021 को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत हुई। इस दौरान जिला बीजापुर एवं कांकेर में अपनी सेवाए दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने उपनिरीक्षक एवं महिला आरक्षक के सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा पुलिस विभाग में किए गए कार्यो की सराहना किया। सेवानिवृत्त पश्चात अपने अनुभव का लाभ समाज को देने प्रेरित किया और उनके उज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



आयोजित कार्यक्रम में एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस आकाश श्री श्रीमाल, एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विंकेश्वरी पिन्दे, बस्तर फाईटर्स उप पुलिस अधीक्षकडॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा के अलावा सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक एवं महिला प्रधान आरक्षक के परिजन भी उपस्थित रहे।

**2.30 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होना अनिवार्य**

# परीक्षा केंद्रों में गहन फ्रिस्किंग के बाद मिलेगा प्रवेश, नियमों को लेकर व्यापमं हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों के लिए व्यापम द्वारा नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका अनिवार्यतः पालन करने कहा गया है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी फ्रिस्किंग की जाए। इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किए जाने परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति देने के निर्देश है और साथ ही महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराए जाने के लिए निर्देशित किया है। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद पुलिस कर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहेंगे ताकि संदिग्ध गतिविधि न हो सके। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा की नोडल ऑफिसर ने इस संबंध में बताया कि परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। यह भी बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्यद्वार बंद कर दिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने व्यापम द्वारा जारी नए निर्देशों का उल्लेख करते हुए बताया कि हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए और साथ ही फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें और कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा के लिए व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, उसका एक मूल पहचान पत्र परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जाएं। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले बॉल पॉईंट पेन को ही उत्तर अंकित करने के लिए उपयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि चयन परीक्षा प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं की जाएगी। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411